www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, मंगलवार,3 मार्च 2026

## सुविचार



"रंग में वह जादू है जो रंगने वाले, भीगने वाले और देखने वाले तीनों के मन को विभोर कर देता है।"
- मुक्ता

## बरेली के प्रमुख समाचार


- प्रेमनगर का इंजीनियर परिवार समेत बहरीन में फंसा-II
- सावधान ! दूध के नाम पर कहीं हम जहर तो नहीं पी रहे...-III
- भक्ति और उल्लास से शहर राममय, जमकर रंगों की बारिश-IV




**इफ्तार**
मंगलवार शाम
सुन्नी : 6:18
शिया : 6:26

**सहरी**
बुधवार सुबह
सुन्नी : 5:11
शिया : 5:03

## राम बरात में रंगों की मोर्चाबंदी




नावल्टी चौराहे पर राम बरात पहुंची तो हुरियारों की रंगों की मोर्चाबंदी देखने को मिली। इस दौरान श्रीराम के जयकारे गूंज रहे थे। (संबंधित खबर पेज IV पर) ● अमृत विचार

# चंद्र ग्रहण के कारण आज सुबह 6:20 बजे शुरू होगा सूतक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



ज्योतिषाचार्य रमाकांत दीक्षित।

- होली पर बन रहे चतुर्ग्रही और बुधादित्य योग, कल मनाई जाएगी होली
- ग्रहण के चलते मंदिरों के कपाट रहेंगे बंद, मंत्र-जप सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेगा

**अमृत विचार:** इस साल होली का पर्व खास ज्योतिषीय संयोग में मनाया जाएगा, जो करीब सौ साल बाद बन रहा है। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन सूर्य, मंगल, बुध और राहु सभी कुंभ राशि में होने से चतुर्ग्रही और बुधादित्य योग बने हैं।

ज्योतिषाचार्य रमाकांत दीक्षित के अनुसार होलिका दहन नियत समय पर हुआ। मंगलवार को चंद्र ग्रहण के कारण होली बुधवार को मनाई जाएगी। चंद्र ग्रहण दोपहर 3:20 से शाम 6:48 बजे तक रहेगा। ग्रहण से पहले सुबह 6:20 बजे से सूतक शुरू होगा। इस दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे और पूजन या रंग खेलने जैसी गतिविधियां वर्जित मानी जाती हैं। ज्योतिषाचार्य महेश शास्त्री बताते हैं कि ग्रहण के समय मंदिर में प्रवेश करना, मूर्ति को छूना, यात्रा करना और सामान्य भोजन करना वर्जित है। केवल बच्चे, वृद्ध और रोगी अत्यावश्यक होने पर भोजन कर सकते हैं, जिसमें दूध, दही और घी में तुलसी या कुश का पत्ता रखा जा सकता है। ग्रहण खत्म होने के बाद पानी ताजा कर लेना चाहिए। ग्रहण में ओम नमः शिवाय या अपने इष्ट देव का स्मरण, मंत्र जप और चंद्र से संबंधित मंत्रों का उच्चारण सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाला माना जाता है।

## सिटी ब्रीफ

### 10 बसों का चालान छह को किया सीज

**बरेली, अमृत विचार :** होली के मद्देनजर परिवहन विभाग ने सोमवार को पीलीभीत बाईपास रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 45 बसों की जांच की गई। इनमें 10 बसों का चालान किया गया। जबकि छह बसों को सीज करने की कार्रवाई की गई। उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र कमल प्रसाद गुप्ता, आरटीओप प्रशासन पंकज सिंह, आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान वाहनों के प्रपत्रों, मानकों के अनुरूप स्थिति, क्षमता से अधिक सवारी, चालक के शराब के नशे में होने की स्थिति और वाहन के इमरजेंसी गेट तथा अग्निशमन यंत्रों की जांच की गई। आरटीओ प्रशासन पंकज ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि त्योहार के दौरान यात्री सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा कर सकें। एआरटीओ प्रवर्तन वैभव सोती, यात्रीकर अधिकारी रमेश चंद्र प्रजापति, अजीत प्रताप सिंह, विनय कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अवैध खनन में लगीं चार ट्रैक्टर -ट्रालियों को सीज किया

**रिठौरा/बरेली, अमृत विचार :** प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर चोरी -छिपे खनन करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई करते हुए वाहनों को सीज कर दिया। रात में गश्त के दौरान बंजरिया में चोरी छिपे हो रहे मिट्टी के खनन की ट्राली चालक अचानक पुलिस को देखकर भाग खड़े हुए। वह अपने वाहनों को वही पर छोड़ गये। रिठौरा चौकी प्रभारी ने मिट्टी से भरे चार ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर दिया है। इन्हें चौकी पर खड़ा कर दिया गया है। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। बता दें कि क्षेत्र में कई स्थानों पर अवैध खनन हो रहा है।

# कारोबार : गुजिया से गिफ्ट पैक तक की जमकर खरीदारी

## होली के चलते बाजारों में बढ़ी रौनक, पारंपरिक मिठाइयों की सबसे ज्यादा हो रही मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- त्योहारी गिफ्ट और ड्राई फ्रूट पैक की बिक्री में भी आया काफी उछाल
- परिवार और रिश्तेदारों को उपहार देने के बढ़ते चलन से बाजार मालामाल

**अमृत विचार :** होली को देखते हुए शहर के बाजारों में रौनक आ गई है। मिठाई की दुकानों पर सुबह से देर रात तक ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। खासकर गुजिया, मावा मिठाई, लड्डू और नमकीन की खरीदारी तेज हो गई है। कारोबारियों के अनुसार इस बार होली पर शहर में कई करोड़ रुपये के मिठाई कारोबार की संभावना है। बाजार में पारंपरिक मिठाइयों के साथ-साथ ड्राई फ्रूट गिफ्ट पैक, चॉकलेट बॉक्स और कॉर्पोरेट गिफ्ट की मांग भी बढ़ी है। परिवार और रिश्तेदारों को उपहार देने की परंपरा के चलते गिफ्ट आइटम की बिक्री में भी अच्छा उछाल देखने को मिल रहा है।

मिठाई कारोबारी अमित अहूजा ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार ग्राहकों की संख्या अधिक है और लोग गुणवत्ता पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। हर बार की तरह इस बार भी विशेष होली पैक तैयार किए गए हैं। जिनमें गुजिया और अन्य मिठाइयों का कॉम्बो रखा गया है। त्योहारी माहौल के बीच बाजारों में खरीदारी का उत्साह साफ नजर आ रहा है। इस पर्व में गुजिया मिठास घोल रही है। गुजिया का अपना एक विशेष महत्व है। नगर से लेकर देहात तक के लोग गुजिया की खरीददारी जमकर कर रहे हैं। सादा मावा गुजिया के साथ-साथ इस बार केसरिया, ड्राई फ्रूट्स और चंद्रकला गुजिया की भी भारी मांग है। लोग न केवल अपने घरों के लिए बल्कि रिश्तेदारों और दोस्तों को उपहार स्वरूप भेंट करने के लिए भी मिठाई के डिब्बे पैक करा रहे हैं।

वहीं दूसरे व्यापारी ने बताया कि विभिन्न प्रकार की दालमोठ, चटपटी मिक्सचर और खास तौर पर होली के लिए बनाए गए पापड़ों के दर्जनों आइटम बिक रहे हैं। इसके साथ ही सेहत के प्रति जागरूक लोग मिठाइयों के विकल्प के रूप में ड्राई फ्रूट्स को भी प्राथमिकता दे रहे हैं।

काजू, बादाम, पिस्ता और अखरोट के आकर्षक गिफ्ट पैकेटों की जमकर बिक्री हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार पिछले सालों की तुलना में ग्राहकों में अधिक उत्साह दिखाई दे रहा है, जिससे व्यापार में भी काफी उछाल आया है। **बच्चों और युवाओं में खास उत्साह :** होली को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मुखौटे, वाटर गन और रंग-बिरंगे गुब्बारे इस बार खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। युवा वर्ग अपने दोस्तों के साथ मिलकर समूह में खरीदारी कर रहा है, वहीं बच्चे नई-नई डिज़ाइन वाली पिचकारियां देखकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। बाजारों में बच्चों की चहक और युवाओं की मस्ती से त्योहार की रौनक और बढ़ गई है।



सुभाषनगर स्थित एक दुकान पर दिखी ग्राहकों की भीड़। ● अमृत विचार

### व्यापारियों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

त्योहारी खरीदारी के चलते व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशी साफ झलक रही है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार ग्राहक नए ट्रेंड को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं और क्वालिटी को लेकर भी सजग हैं। कपड़ों से लेकर खाद्य सामग्री तक, हर चीज में पसंद और गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार होली का त्योहार उनके लिए अच्छा कारोबार लेकर आएगा।

### घरों में होली के पकवान बनाने की तैयारी

होली पर बनने वाले पारंपरिक पकवानों की तैयारी के चलते किराना दुकानों पर सूजी, मैदा, देशी घी, रिफाइंड तेल, ड्राई फ्रूट और मसालों की बिक्री में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। महिलाएं घर पर गुझिया, मालपुआ और अन्य मिठाइयां बनाने के लिए सामग्री जुटाने में लगी हुई हैं। दुकानदारों के अनुसार इस बार लोग अधिक मात्रा में खरीदारी कर रहे हैं ताकि त्योहार के दिन किसी तरह की कमी न रहे। देर शाम तक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बनी रहती है।

### मिलावट के डर से खाद्य पदार्थों में सतर्कता

खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका के चलते इस बार लोग मावा, खोया और अन्य सामग्री खरीदते समय अधिक सतर्क नजर आ रहे हैं। ग्राहक अब केवल भरोसेमंद दुकानों से ही खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। कई लोग पैक्ड और ब्रांडेड उत्पादों की ओर भी रुझान दिखा रहे हैं ताकि गुणवत्ता को लेकर किसी तरह का समझौता न हो। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक अब पहले की तुलना में ज्यादा सवाल पूछ रहे हैं और सामान की शुद्धता पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

### रेडीमेड गारमेंट शॉप्स पर ग्राहकों की भीड़

होली पर नया पहनावा पहनने की परंपरा को निभाते हुए कपड़ों की दुकानों और रेडीमेड शोरूम में भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। हरथला, नवीनगर और बुद्धि विहार जैसे इलाकों में स्थित शोरूम देर रात तक खुले रह रहे हैं। पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी अपने-अपने पसंदीदा ट्रेंड के अनुसार कपड़ों का चयन कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार लोग फैशन ट्रेंड के साथ-साथ आरामदायक कपड़ों को भी प्राथमिकता दे रहे हैं।

# महर्षि चौक से श्यामगंज पुल तक निगम संवारेगा सड़क

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम ने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने और सौंदर्यीकरण के लिए महत्त्वाकांक्षी योजना बनाई है। सीएम ग्रिड के तीसरे चरण के तहत महर्षि चौक से श्यामगंज पुल तक की सड़क को 36 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक मानकों के अनुसार नवीनीकृत किया जाएगा। शासन को इसका प्रस्ताव भेज दिया है। अधिकारियों के अनुसार शासन से हरी झंडी मिलने के बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

एक्सईएन राजीव राठी ने बताया कि यह लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा मार्ग शहर के व्यस्ततम मार्गों में से एक है और इसका कायाकल्प शहरवासियों के लिए आराम और सुगमता लेकर आएगा। योजना के तहत सड़क का डिवाइडर 0.7 मीटर से बढ़ाकर 1.2 मीटर किया जाएगा, जिससे वाहनों का संचालन सुगम होगा और जाम की समस्या में कमी आएगी। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर पक्के फुटपाथ बनाए जाएंगे, जिससे पैदल चलने वालों को सुरक्षित और आरामदायक मार्ग मिलेगा। अभियंता के मुताबिक वर्तमान में इस मार्ग पर भारी ट्रैफिक होने के कारण अक्सर जाम रहता है। नई सड़क और व्यवस्थित डिवाइडर से यातायात का प्रवाह सुचारू होगा। सड़क के सौंदर्यीकरण के दौरान बिजली की लाइनों को भूमिगत किया जाएगा, जिससे ऊपर फैले तारों का जाल हटेगा और दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि स्थानीय व्यापारियों और निवासियों के लिए यह सड़क न केवल आवागमन आसान बनाएगी बल्कि उनके रोजमर्रा के कामकाज और व्यवसाय पर भी सकारात्मक असर डालेगी।



### जुबैदा-जुबैदी से बिलासनगर भुता मार्ग के लिए 42 करोड़ मंजूर

**बरेली, अमृत विचार :** लंबे समस से जर्जर जुबैदा-जुबैदी से बिलासनगर भुता मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का रास्ता साफ हो गया है। जिले में 17 किमी लंबे इस मार्ग के लिए राज्य सड़क निधि से 42.49 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पहली किस्त 4.15 करोड़ की जारी कर दी गई है। चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बरेली मंडल में यातायात की सुगमता बढ़ेगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी। स्थानीय लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी। यह सड़क न केवल स्थानीय परिवहन के लिए उपयोगी होगी, बल्कि आर्थिक विकास में भी सहायक साबित होगी। बेहतर सड़क नेटवर्क से माल और सेवा का प्रवाह आसान हो जाएगा।

# शिक्षकों के खातों में पहुंचा वेतन, त्योहार की खुशी छाई

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** शिक्षकों के खातों में सोमवार सुबह वेतन पहुंचने के साथ उनकी होली की खुशियां दोगुनी हो गई। वेतन में देरी के कारण कई शिक्षकों में चिंता बनी थी, लेकिन वेतन आते ही राहत की सांस ली। पेंशनर के खातों में भी उनकी पेंशन पहुंच गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा थी कि होली से पहले 28 फरवरी को ही शिक्षकों का वेतन उनके खातों में पहुंच जाए, लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक के सर्वर में तकनीकी खराबी आने से भी भुगतान प्रक्रिया में देरी हुई। रविवार का अवकाश होने के कारण भुगतान और टल गया। शिक्षकों के खातों में सोमवार सुबह वेतन पहुंचा, जिससे होली से पहले उनकी खुशी दोगुनी हो गई। प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने सरकार का आभार प्रकट किया है और कहा कि लाखों शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को राहत मिलेगी और होली का त्योहार अच्छे से मनेगा।

# जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात होगा अतिरिक्त स्टाफ

**बरेली, अमृत विचार :** होली के चलते जिला अस्पताल की इमरजेंसी में अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया जाएगा। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की तीन शिफ्टों में ड्यूटी रहेगी। रंगों के त्योहार पर अक्सर सड़क दुर्घटनाएं, आपसी झगड़े और रंग-गुलाल से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के मामले बढ़ जाते हैं, इसको ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल प्रशासन ने तैयारियां चाक चौबंद कर ली हैं। इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी तीनों शिफ्टों में लगाई जाएगी।

# सतर्कता : होली पर 3000 पुलिसकर्मी तैनात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हुड़दंग करने वालों पर रहेगी नजर, थानों को 169 कलस्टर में बांटकर सौंपी गई जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** होली पर हुड़दंग करने वालों के साथ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। जिले में सुरक्षा को लेकर 3 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा जिले के सभी थानो को 169 क्लास्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अफसरों को सौंपी गई है।

जिले में बुधवार को रंगों का त्येहार होली मनाया जायेगा। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया की जिले में 3173 स्थानों पर होलिका दहन किया जायेगा। होली पर सुरक्षा को लेकर 3081 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें चार एडिशनल एसपी, 10 क्षेत्राधिकारी, 29 थाना प्रभारी, 32 इंस्पेक्टर, 580 दरोगा, 1522 मुख्य आरक्षी, 169 क्लास्टर मोबाइल वैन और तीन कंपनी पीएसी और एक कंपनी आरआरएफ तैनात रहेगी। इसके अलावा जिले के सभी थानों को 169 क्लास्टर में बांटा गया है। एसएसपी ने साफ निर्देश दिए है की हुड़दंग करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। हुड़दंगियों और बवालियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, जिससे त्योहार में कोई खलल न पड़े। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर होली पर जुलूस निकालने की परंपरा है, वहां पर भी पुलिस का सख्त पहरा रहेगा।



**निर्णय लिया** — बरेली मंडल मुख्यालय पर सीटीएसआर बनाने को शासन से मिली स्वीकृति, 1.55 करोड़ होंगे खर्च

# 12 मंडलों में बनेगी कंटेनरीकृत ट्यूबलर शूटिंग रेंज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस कर्मियों के लिए प्रशिक्षण का सुरक्षित इनडोर विकल्प है सीटीएसआर
- आकस्मिक गोली चलने से निशानेबाजों को चोट लगने का नहीं रहता खतरा

**अमृत विचार:** अपराधियों को सबक सिखाने के लिए पुलिस कर्मियों से लेकर अधिकारियों को गोली चलाने में और ट्रेंड करने के लिए शासन ने मंडल मुख्यालय स्तर पर कंटेनरीकृत ट्यूबलर शूटिंग रेंज (सीटीएसआर) बनाने का निर्णय लिया है। शासन ने इसकी स्वीकृति देने के साथ धनराशि भी स्वीकृत कर दी है। बरेली मंडल मुख्यालय पर करीब 1.55 करोड़ की लागत से सीटीएसआर बनेगी। इस रेंज में बहुत खूबियां बताई जा रही हैं।

पुलिस के जानकारों के अनुसार सीटीएसआर लाइव फायरिंग का सुरक्षित इनडोर विकल्प है। यह स्व-निहित और पोर्टेबल भी है। आकस्मिक गोलीबारी से भी निशानेबाजों को चोट लगने का कोई खतरा नहीं रहता है। फायरिंग रेंज के लिए आवश्यक क्षेत्र को काफी कम कर देता है। एक समय में दो प्रशिक्षु निशाना लगा सकते हैं। इसके साथ ही प्रत्येक निशानेबाज ट्यूबनुमा बूथ में रहता है। ट्यूबनुमा बूथ का डिजाइन ऐसा है कि दागी गई गोलियां इससे बाहर नहीं निकल पातीं हैं। सरकार ने पुलिस फायरिंग रेंज की कमी और फायरिंग क्षमता को आधुनिक बनाने के लिए सीटीएसआर की स्थापना का निर्णय लिया है। बरेली सहित 12 मंडल मुख्यालय पर कंटेनरीकृत ट्यूबलर शूटिंग रेंज बनायी जाएंगी। 18.66 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

विशेष सचिव दिनेश कुमार ने अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को चिट्ठी जारी कर परिक्षेत्रीय मुख्यालय के जनपद बरेली, सहारनपुर, मुरादाबाद, अलीगढ़, बस्ती, मिर्जापुर, मेरठ, आगरा, झांसी, अयोध्या, गोंडा एवं आजमगढ़ में फायरिंग रेंज की कमी और फायरिंग क्षमता को आधुनिक बनाने के लिए कंटेनरीकृत ट्यूबलर शूटिंग बनाने का निर्णय लेते हुए धनराशि स्वीकृत की है। एक रेंज पर 1.55 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गयी है। निर्देश दिए हैं कि धनराशि आहरित करने से पूर्व उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय यह सुनिश्चित करेगा उपकरणों/सामग्री के क्रय के लिए पूर्व में कोई धनराशि तो स्वीकृत नहीं की गयी है।



# किरन चौधरी की बरेली में तैनाती 24 घंटे में रद्द

कार्यालय संवाददाता बरेली

- कमल किशोर बन रहेंगे बरेली के डीपीआरओ, निदेशालय से संबद्ध रहेंगी किरन

**अमृत विचार :** शासन ने यू-टर्न लेते हुए चर्चित अधिकारी किरन चौधरी का तबादला चौबीस घंटे के भीतर निरस्त कर दिया। विशेष सचिव राजेश कुमार त्यागी ने रविवार को उन्हें बरेली में डीपीआरओ पद पर तैनाती का आदेश जारी किया था, जिससे विभाग में हलचल मच गई थी।

विजिलेंस लखनऊ की टीम ने 4 फरवरी को मथुरा में किरन चौधरी और एक सेवानिवृत्त चालक को 70 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। करीब नौ महीने सलाखों के पीछे रहने के बाद वह हाईकोर्ट से राहत पाकर बाहर आईं। उनकी दोबारा अहम जिले में तैनाती ने कई सवाल खड़े कर दिए थे।

विशेष सचिव राजेश कुमार त्यागी की ओर से सोमवार को जारी आदेश में कहा गया है कि सम्यक विचारोपरांत किरन चौधरी का तबादला निरस्त कर दिया गया। किरन चौधरी पूर्व की भांति निदेशालय पंचायती राज से संबद्ध रहेंगी। इधर, बताया जाता है कि 19 जनवरी 2026 को सतर्कता अनुभाग-2 ने गोपनीय पत्र जारी कर किरन चौधरी के भ्रष्टाचार से जुड़े लंबित अभिलेखों पर कड़ी नाराजगी जताई थी और एक सप्ताह में रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की चेतावनी दी थी।

## सिटी ब्रीफ

### अमेरिका और इजराइल का किया विरोध

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस के मंडल अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल के हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस शिया समुदाय की दुख की घड़ी में उनके साथ है। कहा कि अमेरिका के खिलाफ मुस्लिम देशों को अपनी ताकत व आवाज बुलंद करनी चाहिए।

### महिला को परेशान कर रहा शोहदा, रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : महिला को फेसबुक पर युवक गलत कमेंट कर परेशान कर रहा है। महिला ने आरोपी से खतरा बताते हुए पुलिस से शिकायत की है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के त्रिलोक बिहार निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी फेसबुक पर आईडी है। आरोप है कि राकेश गंगवार निवासी बरगवां थाना शीशगढ़ उसे काफी समय से परेशान कर रहा है। अगस्त 2025 में भी आरोपी ने अभद्र कमेंट किए थे। उस समय जब उसने पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो आरोपी माफी मांगने लगा था। आरोप है कि अब राकेश ने फिर से नई आईडी बनाकर कमेंट करना शुरू कर दिए हैं। वह उसके परिचित और रिश्तेदारों को व्यक्तिगत रूप से मैसेज करके बदनाम कर रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हाईवे किनारे मिला अधेड़ का शव

रिठौरा/ बरेली, अमृत विचार : मुंह से खून बहता अधेड़ का शव हाईवे किनारे नाले के ऊपर मिला। थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा के मोहल्ला कुर्मियान के उमेश शर्मा (52) का शव बरेली पीलीभीत हाईवे पर एक टाल के सामने नाले के ऊपर पड़ा था। मुंह से खून निकल रहा था। जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो मृतक की सुनीता परिजनों सहित मौके पर पहुंची और शव को उठाकर ले आई। मृतक के चार बेटियां, एक बेटा है।

# प्रेमनगर का इंजीनियर परिवार समेत बहरीन में फंसा

## मुश्किल : खाड़ी देशों में छिड़ी जंग के बीच शहर के लोग सऊदी, कुबैत में भी फंसे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सऊदी से देर रात सुरक्षित लौटा उमराह को गया जत्था, परिजन राहत में
- काजी ए हिंदुस्तान असजद रजा कादरी बेटी और दामाद समेत सुरक्षित

अमृत विचार : अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर संयुक्त हमला किया है। इसके बाद खाड़ी देशों में हालात तनावर्पूण हो गए हैं। दुबई, सऊदी, कुवैत, बहरीन समेत अन्य देशों में उड़ानें बंद कर दी गई हैं। युद्ध के माहौल के बीच खाड़ी देशों में शहरी क्षेत्र के लोग भी फंसे हुए हैं। बहरीन में प्रेमनगर का इंजीनियर परिवार सहित फंस गया है। वहीं, कुवैत में भी मिसाइल के हमलों से लोग सहम जा रहे हैं। उमराह पर गया 32 लोगों का जत्था सोमवार की सुबह सुरक्षित भारत लौट आया है। इसके बाद उनके परिजनों ने राहत की सांस ली है।

**मिसाइलें गिरती हैं तो निकल जाती है जान :** सीबीगंज थाना क्षेत्र के बंडिया गांव निवासी इफ्तकार हुसैन कुवैत में टेलीकॉम कंपनी में काम करते हैं। वह 15 दिन पहले ही बरेली से कुबैत गए थे। उन्होंने बताया कि कुबैत में भी लगातार बममारी हो रही है और मिसाइलें गिर रही हैं। धमाके सुनकर जान सी निकल जाती है। फिलहाल अभी किसी तरह का खतरा नहीं है। सिटी में अभी किसी तरह की दिक्कत नहीं है। बार्डर की तरफ आम लोगों को जाने से मना कर दिया गया है। फिलहाल, जो लोग सऊदी, कुबैत और बहरीन में फंसे हैं, उनके परिजन चिंता में हैं।


उमराह पर गए लोगों का ग्रुप।


परिवार के साथ इंजीनियर।

### उमराह पर गए 32 लोगों का ग्रुप सुरक्षित लौटा

हाफिज इमरान रजा बरकाती ने बताया कि जिले से 10 फरवरी को 32 लोगों के ग्रुप को वह उमराह पर लेकर गए थे। एक मार्च को वापसी थी, लेकिन खाड़ी देशों में हालात तनावर्पूण होने के बाद उड़ानें निरस्त हो गईं। इससे सभी उमरा यात्री सऊदी अरब के जेद्दा एयरपोर्ट पर फंस गए। सभी ने दोबारा से अपने टिकट बुक कराकर सऊदी एयरलाइंस से मुंबई तक का सफर तय किया। देर रात तक सभी उमराह यात्री बरेली वापस लौट आए। इसके बाद उनके परिजनों ने राहत की सांस ली। वहीं काजी ए हिंदुस्तान असजद रजा कादरी अपने दामाद जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां और बेटी के साथ उमराह पर गए हैं। सलमान मियां ने बताया कि अभी तक वहां के हालात ठीक हैं। उनकी वापसी 5 मार्च को है। उम्मीद है कि तब तक सभी उड़ानें पहले की तरह हो जाएंगी।

### अमेरिका और दुबई के हालात सामान्य बरेलियंस बोले- चिंता की बात नहीं

बरेली, अमृत विचार : अमेरिका और दुबई में रहने वाले बरेली के लोगों का कहना है कि यहां पर हालात कंट्रोल में हैं और चिंता करने की कोई बात नहीं है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के तिलियापुर गांव के रहने वाले फईमुद्दीन दुबई में जॉब करते हैं। उन्होंने सोमवार को फेसबुक पर लाइव आकर कहा कि भारतीय मीडिया में खबरें चल रही हैं कि हमले में बुर्ज खलीफा समेत दुबई में कई जगह पर नुकसान हुआ है। वह बुर्ज खलीफा के पास रहते हैं। फेसबुक लाइव पर उन्होंने बुर्ज खलीफा की वीडियो दिखाकर कहा कि यहां पर हालात पूरी तरीके से सामान्य हैं, चिंता करने की कोई बात नहीं है। इसके अलावा इज्जत नगर थाना क्षेत्र के कलहारी गांव निवासी असलम हुसैन अंसारी अमेरिका की एक कंपनी में इंजीनियरिंग का काम करते हैं। उनसे सोमवार को बात की गई तो उन्होंने बताया कि अमेरिका में डरने वाली कोई बात नहीं है। यहां पर सामान्य स्थिति है और यहां पर लोग काम पर आ जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह रोज परिवार के लोगों से बात करके अपनी खैरियत बता रहे हैं, जिससे परिवार के लोग निश्चिंत रहें।

### सुरक्षित जगह पर शिफ्ट हुआ इंजीनियर का परिवार

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मैकेनियर रोड निवासी एडवोकेट गोविंद मोहन सक्सेना ने बताया कि उनका छोटा बेटा मोहित मोहन सक्सेना अपनी पत्नी शीतल और बेटी आराध्या और सहनया के साथ बहरीन में रहता है। मोहित बहरीन में 14 साल से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं। उसकी बेटी की शिक्षा भी वहीं पर चल रही है। गोविंद मोहन ने बताया कि बेटे से बात हुई तो उसने बताया कि 28 फरवरी को उसके मकान के पास एक मिसाइल आकर गिरी। इसके बाद बेटे का पूरा परिवार सुरक्षित स्थान पर चला गया। गोविंद ने बताया कि कई देशों में छिड़ी जंग की वजह से उनके परिवार को बहरीन में रह रहे बेटे और उसके परिवार की चिंता हो रही है। परिवार के लोग चिंता की वजह से रात में सो भी नहीं पा रहे हैं।

## 4.82 लाख वसूल कराने को आरसी कलेक्ट्रेट भेजी

बरेली, अमृत विचार : रामपुर के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मो. आसिफ अली बनाम स्टार यूनियन डाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस वाद में सुनवाई कर बीमा कंपनी पर जुर्माना लगाया है। जुर्माना की रकम निर्धारित समय पर जमा न करने पर आयोग के अध्यक्ष राधे श्याम यादव ने स्टार यूनियन डाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस के उप प्रबंधक कस्टमर इंगेजमेंट के विरुद्ध 4.82 लाख रुपये की आरसी (वसूली प्रमाणपत्र) जारी की है। धनराशि वसूल कराने को वसूली प्रमाण-पत्र कलेक्ट्रेट भेजा है।

आयोग ने 16 अक्टूबर, 2024 को मो. आसिफ अली बनाम उप प्रबंधक कस्टमर इन्गेजमेंट, स्टार यूनियन डाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस शाखा कार्यालय, सिविल लाइंस के वाद के मामले में आदेश पारित किया था। आदेश का अनुपालन विपक्षी ने आज तक नहीं किया। जिला कलेक्टर बरेली को विपक्षी से 4.82 लाख रुपये व इस धनराशि पर साधारण ब्याज की दर से की वसूली भूराजस्व के रूप में करने के लिए अधिकृत किया है।

# दुकान में घुसी कार, चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बुआ के घर से लौट रहे युवक की कार अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसी। हादसे में कार चला रहे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना भुता क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर निवासी 26 वर्षीय अंकुश पटेल रविवार रात खाई खेड़ा में बुआ के घर गए थे। वहां से कार द्वारा घर आ रहे थे। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के नथुरामपुरा गांव के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक दुकान में घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि अंकुश की मौके पर ही सांसें थम गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की जेब में मिले कागजातों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के फूफा हरीश कुमार ने बताया कि अंकुश अपने पीछे पत्नी ममता और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं।


घटना की जानकारी देते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

# बारादरी थाने में भिड़े दो समुदाय के लोग, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रैक्टर की टक्कर लगने के बाद थाने पहुंचे थे दोनों पक्षों के लोग
- थाने के अंदर हुए हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

अमृत विचार : बारादरी थाने के अंदर सोमवार को दो समुदाय के लोगों में विवाद हो गया। इसके चलते थाने में काफी देर तक हंगामा हुआ। पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत करा कर दोनों पक्षों में आपस में समझौता करा कर मामले का निस्तारण कराया।

शाहदना निवासी नदीम सोमवार की शाम करीब 5:00 बजे अपना खाली ट्रैक्टर लेकर गंगापुर की तरफ जा रहा था। ट्रैक्टर के आगे एक ठेला गाड़ी पर इंद्र पुत्र ख्यालीराम, मोहनलाल और विक्की जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के पहिये से ठेला गाड़ी पर बैठे एक युवक के पैर में चोट लग गई। इसके चलते दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट में सलमान पुत्र सलीम की नाक पर चोट आ गई। सूचना मिलने पर बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई, लेकिन दोनों समुदाय के लोग पुलिस की मौजूदगी में थाने के अंदर आपस में भिड़ गए। एक-दूसरे से मारपीट की कोशिश में काफी देर तक थाने के अंदर हंगामा चला। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि विवाद करने वाले लोगों को समझा कर शांत कराने के बाद दोनों पक्षों को थाने पर बिठाकर आपस में समझौता कर दिया गया है।


हंगामे का वायरल वीडियो फुटेज।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# साइबर ठगी : लिंक खोलते ही खाते से कटे 1.67 लाख, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुभाषनगर थाना क्षेत्र की युवती हुई ठगी का शिकार
- पुलिस ने कार्रवाई कर शुरू की मामले की जांच

अमृत विचार : स्कूटी के चालान का लिंक मोबाइल पर आने के बाद युवती ने जब उसे खोला तो खाते से 1.67 लाख रुपये कट गए। युवती ने साइबर ठगी की शिकायत सुभाषनगर पुलिस से की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली सीता ने बताया कि 21 फरवरी को स्कूटी का ई-चालान का मैसेज उनके मोबाइल पर आया। लिंक खोलकर उन्होंने चालान भरने लिए एक रुपये का भुगतान किया, लेकिन कुछ देर बाद एक रुपया वापस भी आ गया।

करीब एक घंटे बाद उनके तीन बैंक खातों से कुल 1. 67 लाख रुपये कट गए। उसने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई। अब तहरीर के आधार पर सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### कुवैत भेजने के नाम पर 1. 95 लाख ठगे

बरेली, अमृत विचार : कुवैत भेजने के नाम पर तीन जालसाजों ने युवक से 1. 95 लाख रुपये ठग लिए। डीआईजी के आदेश पर किला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला जखीरा निवासी मो. इमरान ने बताया कि शानू उर्फ साजिद, आमना बानो, सलमा निवासी दूल्हा मियां की मजार ने उससे कहा कि वे उसकी कुवैत में नौकरी लगवा देंगे। जिसके लिए पैसे लगेंगे। उसने 27 जुलाई 2023 को जेवर बेचकर फरमान और रुकईया बी के सामने शानू उर्फ साजिद, आमना बानो, सलमा को 1 लाख 95 हजार रुपये दे दिये। पैसे के लेनदेन का उसने वीडियो भी बनाया था। आरोपियों ने कहा कि जल्द ही कुवैत भिजवा देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब उसने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगे। जिसके बाद चौकी पर समझौता हुआ, जिसमें आरोपियों ने कहा कि तीन माह में रुपये अदा करेंगे। लेकिन उसके बाद भी रुपये नहीं दिए। आरोप है कि 13 दिसंबर 2025 को आरोपी उसके घर पर आए और गाली गलौज करके कहा कि अब उल्टा तू 2 लाख रुपये देगा, नहीं तो जेल जाएगा। आरोपी उससे रंगदारी मांग रहे हैं। डीआईजी के आदेश पर किला पुलिस ने शानू उर्फ साजिद, आमना बानो और सलमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



## पिता-पुत्रों ने फर्नीचर कारखाना संचालक पर किया हमला, रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : पिता-पुत्रों ने फर्नीचर कारखाना संचालक पर हमला कर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बारादरी थाना क्षेत्र के बुखारपुरा निवासी इरशाद अहमद ने बताया कि उसका बेटा तनवीर अहमद जगतपुर डेरी वाली गली में फर्नीचर का कारखाना चलाता है। 28 फरवरी की सुबह वह बेटे तनवीर हसन, रेहान अहमद, तसलीम और एक अन्य कारीगर के साथ काम करा रहे थे। इसी बीच उसके बेटे तनवीर ने हेल्पर मो. मस्ता से सफाई करने के लिए कहा। लेकिन उसने सफाई करने से मना कर दिया और गाली गलौज करने लगा।

मना करने पर मस्ता अपने भाई सोनू और पिता निजामउद्दीन को बुला लाया। तीनों पिता पुत्र गाली देते हुए कारखाने में घुस आए। सोनू ने उसके बेटे तनवीर पर लकड़ी से हमला कर दिया।

# केरल, महाराष्ट्र में बैठकर भर रहे थे रिटर्न, जांच तेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन फर्मों के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट, तह तक जाएगी पुलिस

अमृत विचार : शहर में तीन प्रोपराइटरों ने कागजों पर अरबों का कारोबार करके करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी की है। हकीकत में तीनों के पास एक कार्यालय तक नहीं था। तीनों फर्म के प्रोपराइटर केरल और महाराष्ट्र में बैठ कर रिटर्न भर रहे थे। राज्य कर विभाग की जांच में पकड़े जाने के बाद तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ऐसे में अब पुलिस और जीएसटी विभाग मामले की तह तक जाने के लिए जांच तेज कर दी है।

सहायक आयुक्त नित्यानंद मणि तिवारी ने दर्ज कराए गए रिपोर्ट में बताया है कि मैसर्स गोयल इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर परमजीत सिंह के फर्म ने 1.30 करोड़ की इनवर्ड सप्लाई पर 19.97 लाख आईजीएसटी की आईटीसी क्लेम की, जबकि 14.76 करोड़ की बोगस आईजीएसटी आईटीसी अन्य फर्मों को पास-ऑन कर दी। जांच में फर्म कागजों तक ही सीमित मिली। इस मामले में 2.85 करोड़ रुपये के कर अपवंचन का आरोप है। उधर उपायुक्त खंड आठ बरेली धर्मेंद्र सिंह सचान ने भी इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि मैसर्स जागेश्वर ट्रेडर्स के प्रोपराइटर अमन हैं। जिन्होंने वर्ष 2023-24 में 19.12 करोड़ रुपये की इनवर्ड सप्लाई दिखाई और 1.31 करोड़ रुपये की आईटीसी क्लेम किया। इसके बाद 17.89 करोड़ की आउटवर्ड सप्लाई दिखाते हुए 68.58 लाख सीजीएसटी और 62.58 लाख एसजीएसटी की बोगस आईटीसी आगे पास-ऑन कर दी। जब विभाग ने मौके पर जांच की तो घोषित पते पर कोई कारोबार नहीं मिला। इस फर्म पर 3.6 करोड़ रुपये के कर अपवंचन का आरोप है। तीसरा मैसर्स आकाश ट्रेडर्स के प्रोपराइटर सोनू श्रीवास्तव ने 21.72 करोड़ की इनवर्ड सप्लाई दिखाकर भारी आईटीसी क्लेम की। फिर 23.38 करोड़ की आउटवर्ड सप्लाई के नाम पर 90.29 लाख सीजीएसटी और 90.29 लाख एसजीएसटी की बोगस आईटीसी पास-ऑन कर दी।

## पत्नी और ससुरालियों से युवक को जान का खतरा

बरेली, अमृत विचार : युवक ने पत्नी और ससुरालियों पर मारपीट का आरोप लगाकर जान का खतरा बताया है। आरोप है कि पत्नी दूसरे पुरुषों से बात करती है, वहीं उसने उसका फोन नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल दिया है। सुभाषनगर पुलिस ने पत्नी, सास समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बीडीए कॉलोनी निवासी युवक ने बताया कि वह पत्नी के साथ पिता की ओर से दिए गए मकान में 8 साल से रहा रहा है। जबकि उसके माता पिता 6 किलोमीटर की दूरी पर रहते हैं। आरोप है कि पत्नी मकान अपने नाम कराने का दबाव बना रही है। ऐसा न करने पर आए दिन परिवार के लोगों के साथ मिलकर मारपीट करती है। आरोप है कि बिना बताए पत्नी घंटों बाहर रहती है। वजह पूछने पर मारपीट करती है।

आयोजन | इज्जतनगर और रुद्रपुर सिटी रेलवे स्टेशन को सर्वोत्तम स्वच्छ स्टेशन का मिला पुरस्कार

# रेल सेवा पुरस्कार से 26 रेल कर्मचारियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मैत्री सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार वितरण समारोह

अमृत विचार : रेल सप्ताह के अवसर पर मैत्री सामुदायिक केंद्र में आयोजित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार वितरण समारोह में मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने 26 रेल कर्मियों को मंडल की कार्य प्रणाली में उल्लेखनीय सुधार, उत्पादकता बढ़ाने और रेल दुर्घटनाओं को बचाने में महत्वपूर्ण गुणात्मक योगदान के लिए रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया।

रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि वर्ष-2024 इज्जतनगर मंडल के लिए उपलब्धियों भरा रहा है। विभिन्न विभागों के जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है, उन्होंने न केवल अपना कर्तव्य निभाया है, बल्कि कर्तव्य से ऊपर उठकर मिशाल पेश की है। चाहे वह संरक्षा का क्षेत्र हो, जहां पलक झपकते ही निर्णय लेना होता है या तकनीकी नवाचार, जिसने रेल यात्रा को आधुनिक बनाया है। उन्होंने सभी का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि यह आपकी मेहनत ही वह नींव है जिस पर भारतीय रेल की सफलता की मजबूत इमारत खड़ी है।

मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि 19 फरवरी को मुख्यालय गोरखपुर में आयोजित रेल सप्ताह समारोह में महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने इज्जतनगर मंडल को अन्तर्मंडलीय संरक्षा, पर्यावरण एवं हाउस कीपिंग प्रबंधन, लोको (परिचालन), कर्षण वितरण, लेखा, परिचालन, नागरिक केन्द्रित सेवा दक्षता कार्यकुशलता शील्डें एवं ट्रॉफियां प्रदान कर संबंधित अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इज्जतनगर मंडल के बी श्रेणी के रुद्रपुर सिटी रेलवे स्टेशन को सर्वोत्तम स्वच्छ स्टेशन ट्रॉफी तथा लालकुआं कोचिंग डिपो को सर्वोत्तम व्यवस्थित कोचिंग डिपो की शील्ड प्रदान की। इसके अलावा 'डी' एवं 'ई' श्रेणी के अंतर्गत आने वाले इज्जतनगर रेलवे स्टेशन को भी सर्वोत्तम स्वच्छ रेलवे स्टेशन ट्रॉफी का पुरस्कार भी दिया गया।



रेल कर्मचारियों को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### खदीजा व जैनब फातिमा ने रखा पहला रोजा



**बरेली, अमृत विचार :** रमजान का महीना चल रहा है, जिसमें बच्चों से लेकर बड़े तक रोजा रखकर इबादत कर रहे हैं। आनंद विहार कॉलोनी निवासी परवेज हनीफ एडवोकेट की 7 साल की बेटी खदीजा और जावेद हनीफ एडवोकेट की 6 साल की बेटी जैनब फातिमा ने सोमवार को पहला रोजा रखा। छोटी बच्चियों ने रोजा रख कर पूरे दिन इबादत करके समय गुजारा। परिवार के लोगों ने उनका हौसला बढ़ाया।

### कथा समापन के बाद हुआ भंडारा

**बिशारतगंज/ बरेली, अमृत विचार :** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र के कंधरपुर गांव के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा समापन के बाद सोमवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें गांव सहित क्षेत्र के लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में मंदिर के महंत होरीलाल प्रणामी, नंदराम लोधी, रामस्वरूप प्रणामी, डॉ जयपाल वर्मा, होरीलाल प्रणामी, लीलाधर, अंगनलाल, योगेंद्र, प्रेमपाल आदि का विशेष योगदान रहा।

### फूल और गुलाल से खेली होली

**आंवला/ बरेली, अमृत विचार :** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में सोमबार प्रात: 8.00 बजे फुलों व गुलाल से जमकर होली खेली। जिसमें विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच सहित हिन्दु संगठन शामिल रहें। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी अवनेश शंखधार व जयदीप पाराशरी ने बताया कि होली का पर्व दु:खो को मिटाकर खुशी का पैगाम देता हैं। होली के पर्व पर केमिकल युक्त रंगों से परहेज कर फूलों व त्वचा को नुकसान ना देने वाले रंगो व गुलाल से होली खेलना चाहिए। नशे से दूरी बनाना चाहिए।

### जाम को लेकर पुलिस ने काटे चालान

**आंवला/ बरेली, अमृत विचार :** नगर में मौहल्ला पक्का कटरा, भुर्जी टोला, गंज, बजरिया, पुरैना ढाल आदि पर होली के त्यौहार को देखते हुए भीड़भाड़ देखी गयी। जाम की स्थिति को देखते हुए हिन्दू - मुस्लिम संगठनों ने नगर में एसडीएम विदुषी सिंह को ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया था, जिसको लेकर एसडीएम. विदुषी सिंह ने पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसमें सोमवार को बाजारों में त्योहारी खरीदारी को लेकर जाम की स्थिति देखने को मिली। जाम की स्थिति से निपटने के लिए प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने पुलिस बल के साथ मार्केट में बेतरतीब ढंग से खड़ी गाड़ियों के चालान काटे।

# सावधान! दूध के नाम पर कहीं हम जहर तो नहीं पी रहे...

## जिले में रोजाना 50-60 हजार लीटर दूध उत्पादन की कमी, उत्पादन कम और खपत ज्यादा होने पर दूध में जहर घोल रहे मुनाफाखोर

- होली पर मांग बढ़ने पर और भी सक्रिय हुए मिलावटखोर, सिंथेटिक दूध बन रहा बड़ा खतरा
- पशुपालन विभाग के पास उत्पादन का सही रिकॉर्ड तक उपलब्ध नहीं, निगरानी भी जीरो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हाल ही में आंध्र प्रदेश में मिलावटी दूध पीने से कई लोगों की मौत की खबर ने पूरे देश को झकझोर दिया। लेकिन, जिले में मिलावटी दूध की गंगा अब भी बह रही है। कारण, उत्पादन से तीन गुना ज्यादा दूध की खपत है। होली पर मांग और बढ़ गई है क्योंकि गुझिया, मावा, पनीर, मिठाई, दही सब दूध से ही तैयार होते हैं। बाजार में सक्रिय मुनाफाखोर इसी का लाभ उठा रहे हैं। कोई पानी मिला रहा है तो कोई विभिन्न तरह के रसायनों के इस्तेमाल से सिंथेटिक दूध तैयार कर रहा है।

जिले में कितना दूध उत्पादन हो रहा है? इसकी सटीक जानकारी न तो पशुधन विभाग को है, न ही डेयरी विकास अधिकारी श्याम सुंदर कुछ बता पा रहे हैं। लेकिन, वर्ष 2008 की एक रिपोर्ट के मुताबिक जिले में 403 डेयरियां हुआ करती थीं और उस समय 2.15 लाख लीटर से अधिक दूध का उत्पादन होता था। आज, सिर्फ 140 के करीब डेयरियां बचीं हैं और आबादी बढ़ने के साथ दूध की मांग बढ़ी है। ऐसे में हर दिन 50 से 60 हजार लीटर दूध की कमी बनी है। यह कमी दो प्रमुख माध्यमों से पूरी की जाती है। इसमें पहला, आसपास के गांवों और पड़ोसी जिलों से आने वाला खुला दूध, दूसरा, ब्रांडेड पैक्ड दूध की सप्लाई।

एक अनुमान है कि कुल खपत का करीब 40 से 50 प्रतिशत हिस्सा पैक्ड दूध का है। सरकारी क्षेत्र में दुग्ध संघ (पराग) की सप्लाई स्थिर मानी जाती है। निजी कंपनियों में अमूल और मदर डेयरी की बाजार में मजबूत मौजूदगी है। बाजार सूत्रों का मानना है कि पैक्ड दूध के सेगमेंट में इन ब्रांड्स की हिस्सेदारी मिलाकर करीब आधा बाजार कवर हो जाता है। इधर, सबसे बड़ा सवाल खुले दूध का है। आसपास के ग्रामीण इलाकों से हर सुबह-शाम बड़ी मात्रा में दूध शहर में प्रवेश करता है। इसमें बड़े पैमाने पर मिलावट होती है। दूधिये मशीनों पर दूध की क्रीम निकलवाते हैं। फिर, उसमें सुविधा के मुताबिक साफ या गंदा पानी मिलाकर उसकी बिक्री करते हैं।



मालियों की पुलिया के पास खड़े दूधिये। ● अमृत विचार

### फैक्ट फाइल

**जिले की जनसंख्या**– करीब 55 लाख

**प्रति व्यक्ति दूध की खपत**– 300 से 350 मिली लीटर

**दुधारू पशुओं की संख्या**– 6.66 लाख

**गाय**–1,33,200 **भैंस**– 5,32800

### घर पर ऐसे करें मिलावट की जांच

- **पानी की मिलावट :** थोड़ा दूध तिरछी सतह पर गिरा दें। शुद्ध दूध धीरे-धीरे आगे बढ़कर एक सफेद निशान छोड़ता है, जबकि पानी मिला दूध तेजी से बिना निशान छोड़े बहता है।
- **दूध में स्टार्च की मिलावट :** टिंक्चर आयोडीन की कुछ बूंदें मिलाने पर स्टार्च युक्त दूध में नीला रंग आ जाता है। टिंक्चर आयोडीन दवा दुकानों पर आसानी से मिल जाता है।
- **दूध में यूरिया की मिलावट :** दूध में यूरिया की जांच के लिए परखनली में दूध लेकर उसमें आधा चम्मच सोयाबीन या अरहर का पाउडर डालकर मिलाएं और पांच मिनट के लिए रख दें। इसके बाद इसमें एक लाल लिटमस पेपर डुबाने पर इसका रंग लाल से नीला होने का मतलब यूरिया की मिलावट है। लाल लिटमस पेपर स्टेशनरी की दुकानों पर मिल जाता है।
- **दूध में वनस्पति घी की मिलावट :** तीन से पांच एमएल दूध एक परखनली में लेकर उसमें दस बूंद हाइड्रोक्लोरिक अम्ल एवं एक चम्मच चीनी मिला दें। पांच मिनट बाद लाल रंग दिखने का मतलब वनस्पति घी की मिलावट है।

### त्योहारी सीजन में धड़ल्ले से बिकता है मिलावटी दूध

जिले में 133200 गोवंशीय और 532800 महिष वंशीय अर्थात भैंस प्रजाति के पशु हैं। इस तरह कुल 6.66 लाख दुधारू पशु हैं, लेकिन उनमें सभी दूध नहीं देते। दुकानदार बताते हैं कि त्योहारी सीजन में दूध की मांग 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। इस अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए असंगठित सप्लाई चेन सक्रिय हो जाता है। यही वह कड़ी है जहां निगरानी कमजोर पड़ती है। दूधिये अलग-अलग क्वालिटी का दूध 40 से लेकर 50 रुपये लीटर के भाव पर बेचते हैं, जबकि डेयरियों पर 50 से 55 रुपये लीटर के भाव बिकने वाले दूध में भी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं होती। गली-मोहल्ले में भी सुबह-शाम दूध बेचने वालों की लाइन लगती है। ग्राहक कम दाम के लालच में खुला दूध खरीद लेते हैं, जबकि जोखिम ज्यादा होता है।

### मिलावट का 'केमिकल लोचा', ऐसे तैयार किया जाता है काली कमाई को सिंथेटिक दूध

सिंथेटिक दूध बनाने के लिए पानी में यूरिया, डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा और रिफाइंड ऑयल मिलाकर दूध जैसा घोल तैयार किया जाता है। यह मिश्रण देखने और छूने में दूध जैसा प्रतीत होता है, लेकिन शरीर के लिए बेहद हानिकारक है। दूसरा तरीका है पतले दूध में मिल्क पाउडर मिलाकर फैट प्रतिशत बढ़ाना। कुछ मामलों में स्टार्च या सिंथेटिक पाउडर का भी उपयोग किया जाता है। इसके अलावा दूध को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए हानिकारक प्रिजर्वेटिव्स मिलाए जाते हैं ताकि वह जल्दी खराब न हो। सिंथेटिक दूध की औसतन लागत 12 से 15 रुपये प्रति लीटर आती है, जबकि बिक्री 40 रुपये प्रति लीटर होती है। नकटिया नरियावल, करगैना, लाल फाटक, भमौरा, आंवला, रामगंगा की कटरी, भोजीपुरा और धनेटा में सिंथेटिक दूध बनाने के बड़े अड्डे हैं।

### बच्चों से लेकर बड़ों के स्वास्थ्य पर खतरा

जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. वैभव वाजपेयी का कहना है कि मिलावटी दूध का असर धीरे-धीरे सामने आता है। यूरिया की अधिक मात्रा किडनी पर दबाव डालती है। डिटर्जेंट आंतों की भीतरी परत को नुकसान पहुंचाता है, जिससे उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। कास्टिक सोडा लीवर और पाचन तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। यही नहीं, लगातार मिलावटी दूध के सेवन से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर असर पड़ सकता है। पोषण की कमी, संक्रमण और एलर्जी की शिकायतें बढ़ सकती हैं। इसके अलावा रासायनिक मिलावट से फूड पॉइजनिंग, डिहाइड्रेशन, किडनी फेलियर तक की स्थिति बन सकती है।

### जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव

विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल सरकारी कार्रवाई पर्याप्त नहीं। ग्राहकों को भी सजग रहना होगा। इसके लिए भरोसेमंद ब्रांड या लाइसेंसधारी सप्लायर से ही दूध लें। अत्यधिक सस्ता दूध संदेहास्पद हो सकता है संदिग्ध दूध की सूचना तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को दें। होली जैसे बड़े त्योहार पर जब दूध की मांग और बाजार की हलचल चरम पर होती है, तब मिलावटखोरों के सक्रिय होने की आशंका भी बढ़ जाती है।

दूध उत्पादन और इसकी खपत का सटीक आंकड़ा विभाग के पास उपलब्ध नहीं है। भारी मात्रा में पैक्ड दूध की सप्लाई भी बरेली में होती है। पशुधन विभाग हर पांच साल पर पशुओं की गणना कराता है। पिछली पशु गणना के सापेक्ष इस बार गोवंशीय व महिषवंशीय पशुओं की संख्या में करीब सवा लाख की गिरावट आई है। – **डॉ. मनमोहन पांडेय**, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

# सीए फाइनल में जिले के होनहारों ने लहराया सफलता का परचम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से आयोजित सीए फाइनल परीक्षा जनवरी-2026 के परिणाम में जिले के 12 विद्यार्थियों ने मेधा का परचम लहराया। दोनों ग्रुप में उत्तीर्ण होकर इन्होंने सीए बनने का मुकाम हासिल किया।

आईसीएआई बरेली चैप्टर के चेयरमैन सीए नीरज अग्रवाल ने बताया कि बरेली से इस परीक्षा में 12 छात्रों ने विशेष प्रदर्शन किया और उत्तीर्ण होकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने में कामयाबी हासिल की। इस सूची में कनिष्क अग्रवाल, प्राजक्ता पाठक, लव अग्रवाल, अर्चिता अग्रवाल, राघव अग्रवाल, सिमरजीत कौर, अंतरा अजीम, ऋषभ मालपानी, अभिनव मेहरोत्रा और अनिरुद्ध चतुर्वेदी शामिल हैं। तुषार अग्रवाल और भूमि अग्रवाल ने ग्रुप 1 सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। सीए नीरज अग्रवाल ने कहा कि ये परिणाम बरेली के युवाओं की क्षमता का प्रमाण हैं। सीए विनीश अरोड़ा ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सीए फाइनल जैसी कठिन परीक्षा को पार कर उन्होंने सिद्ध किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति असंभव को भी संभव बना सकती है। चैप्टर के अन्य पदाधिकारियों सीए गौरव अग्रवाल, सीए अंकित मेहरा, सीए सुमित अग्रवाल, सीए अमित टंडन और सीए अंकुर गोयल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बरेली के छात्रों की यह उपलब्धि न केवल स्थानीय समुदाय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि आने वाले पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। ये नए चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की प्रगति और वित्तीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



लव अग्रवाल।



सिमरजीत कौर।



ऋषभ मालपानी।



अनिरुद्ध चतुर्वेदी।



अभिनव मेहरोत्रा।



अंतरा अजीम।



अर्चिता अग्रवाल।



प्राजक्ता पाठक।



राघव अग्रवाल।



कनिष्क अग्रवाल।

## रमजान और होली अमन व शांति के साथ मनाएं : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि रमजान शरीफ का महीना सब्र करने की हिदायत देता है। पैगम्बर इस्लाम ने हदीस में फरमाया है कि अच्छा मुसलमान वो है, जिसके हाथ से, पैर से, जुबान से किसी इंसान को कोई तकलीफ न पहुंचे।

मौलाना ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि होली वाले दिन सिर्फ 3-4 घंटा सड़क और गलियों पर न निकलें और अगर कहीं जरूरी काम से जाना है तो उसमें एहतियात बरतें। वहीं उन्होंने हिंदू भाइयों से भी अपील करते हुए कहा कि किसी भी रोजेदार या हिजाब पहनी हुई महिला पर रंग न डालें, अपने बच्चों को भी इसी तरह समझाएं, रमजान शरीफ का सम्मान करें। दोनों समुदायों के लोग एक दूसरे के त्योहारों का सम्मान करें, अमन व शांति बनाए रखें।

# परचम कुशाई से आज होगी उर्स-ए-नासरी की शुरुआत



दरगाह पर दुआ करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दरगाह नासरी मियां मस्जिद नौमहला सिविल लाइंस में 121 वें उर्स-ए-नासरी का आगाज मंगलवार से होगा। सोमवार को दरगाह के सज्जादानशीन ख्वाजा सुल्तान अहमद नासरी ने दरगाह पर हाजिरी दी और गुलपोशी कर दुनियाभर में अमन चैन को दुआ की।

दरगाह के प्रवक्ता पम्मी खां वारसी ने दुनियाभर में जो जंगे हो रही हैं, उनके रुकने के लिए दुआ की। कहा कि कहा कि जंग बेगुनाहों का खून बहा रही है। सूफी वसीम मियां नासरी साबरी ने कहा कि मंगलवार को सबसे पहले कुरानख्वानी का आयोजन होगा। उसके बाद शाम साढ़े पांच बजे परचम कुशाई के बाद हज़रत साबिर ए पाक के कुल शरीफ की रस्म अदायगी होगी। मग़रिब में सामूहिक रोजा इफ्तार होगा। तरावीह की नमाज के बाद ऑल इंडिया मुशायरे की महफिल सजेगी। यह उर्स सूफियाना अंदाज में मनाया जा रहा है, जो सूफी परंपरा, खानकाही सिलसिले खासकर साबरी से जुड़ा और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। नायब सज्जादानशीन सलमान अहमद नासरी, ख्वाजा शैयान अहमद नासरी, पम्मी खां वारसी, शाहिद रजा नूरी, जिया उर रहमान, सुमिर अली आदि मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल की ओपीडी में कम रही मरीजों की संख्या

- राम बरात के कारण लोगों की कम रही आवाजाही आधे दिन चली ओपीडी

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को कम मरीज पहुंचे। शहर में निकली राम बरात के कारण लोगों की आवाजाही कम रही। जिसका असर ओपीडी में भी दिखा। आधे दिन की ओपीडी में सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम मरीज आए। वैसे सोमवार को आमतौर पर ओपीडी में करीब 2500 मरीज पहुंचते हैं।

सोमवार को उसी रूट से रामबारात निकलनी थी। इसके साथ ही सरकारी छुट्टी भी थी। जिस कारण ओपीडी दोपहर 12 बजे तक चली। डॉक्टरों का कहना है कि रमजान का महीना चलने के कारण लोग रोजा रखते हैं। इसके चलते भी अस्पताल में कम लोग आ रहे हैं। मंगलवार को भी सरकारी छुट्टी होने के कारण 12 बजे तक ही ओपीडी चलेगी।

## ट्रैफिक पुलिस अलर्ट, रात में चेकिंग



होली के मद्देनजर शहर के विभिन्न चौराहों पर पुलिस तैनात की गई है, जो तीन सवारियों के साथ फर्राटे भर रहे वाहनों की चेकिंग करने के साथ उन्हें हिदायत दे रही कि शराब पीकर वाहन न चलाएं, अगर ऐसा करते पाए गए तो वाहनों को सीज किया जाएगा। बुधवार सुबह 10 से बृहस्पतिवार रात 11 बजे तक शहर की सीमाओं में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खां ने बताया कि शहर में हुड़दंग मचाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ● अमृत विचार

## शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने होली मिलन समारोह मनाया



होली मिलन समारोह में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद बरेली की ओर से सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें जनपद और मंडल स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया। सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने कहा कि होली भाईचारे, सौहार्द और संगठनात्मक एकता का पर्व है। जिला संयोजक जितेंद्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष शैलेश कुमार, मंडल संयोजक हरी ओम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### भाजपा कार्यालय पर हुआ होली मिलन कार्यक्रम



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर सोमवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, निर्भय गुर्जर, अमन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### नीमा ने धूमधाम से मनाया होली महोत्सव, झांकियों ने मन मोहा



**बरेली, अमृत विचार :** नीमा बरेली की ओर से एक रिजॉर्ट में होली महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें संस्था के सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। सदस्य होली के गीतों पर थिरकते दिखे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. राजीव सक्सेना, सचिव डॉ. रजनीश गंगवार, कोषाध्यक्ष डॉ. विशाल अग्रवाल, संरक्षक डॉ. वीरेंद्र जैसवार व पीएस. दीक्षित ने किया। डॉ. देवेंद्र मिश्रा, डॉ. संजीव राठौर, डॉ. आर. एस. लोधियाल, नीमा वूमेन फोरम की स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. नीलू मिश्रा, नीमा विमेंस फोरम बरेली की प्रेसिडेंट डॉ. दीपाली शर्मा, डॉ. राजेश कश्यप, डॉ. केएम शर्मा, डॉ. सत्येंद्र शर्मा, डॉ. जेपी सिंह, डॉ. एसके आनंद, डॉ. चौधरी, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. अलका चौहान, डॉ. मंजरी सिंह, डॉ. शुचि सिंह, डॉ. एसके भारद्वाज, डॉ. सीएस जोशी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### किडजाउन किंडरगार्टन स्कूल के रंगोत्सव में बच्चों ने दीं प्रस्तुतियां



**बरेली, अमृत विचार :** आशुतोष सिटी में किडजाउन किंडरगार्टन स्कूल में रंगोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल कुमार सक्सेना के साथ ही वार्ड 10 के पार्षद अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चों ने रंगों पर आधारित गीत, नृत्य एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। विभिन्न रंगों की वेशभूषा में सजे बच्चों ने कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ा दी। प्रधानाचार्या ने आभार जताया।

## मिली जिम्मेदारी

### आईसीएआई शाखा ने नई कार्यकारिणी गठन के साथ मनाई होली

# सीए नीरज चेयरमैन और विनीश बने वाइस चेयरमैन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बरेली शाखा की ओर से भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। शाखा के सदस्य, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं आमंत्रित अतिथि कार्यक्रम में पहुंचे।

इस मौके पर बरेली शाखा की नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। नई समिति में सीए नीरज अग्रवाल को चेयरमैन, सीए विनीश अरोड़ा को वाइस चेयरमैन, सीए गौरव अग्रवाल को सचिव, सीए अंकित मेहरा को कोषाध्यक्ष, सीए सुमित अग्रवाल को सिकासा चेयरमैन, सीए अमित टंडन को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया। नवगठित टीम ने शाखा के विकास, सदस्यों के हितों की सुरक्षा, विद्यार्थियों के मार्गदर्शन तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। सदस्यों ने उत्साह एवं उल्लास के साथ होली पर्व मनाया। लठमार होली एवं फूलों की होली का आयोजन हुआ। पारंपरिक संगीत, रंग-गुलाल एवं फूलों की वर्षा के बीच पूरा वातावरण होली के रंगों से सराबोर हो गया। वरिष्ठ सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए नई कार्यकारिणी को मार्गदर्शन प्रदान किया। वक्ताओं ने कहा कि बरेली शाखा सदैव से शैक्षणिक गतिविधियों, सेमिनार, कार्यशालाओं एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े कार्यक्रमों में अग्रणी रही है। सीए प्रदीप तिवारी, सीए रविंद्र अग्रवाल, सीए शरद मिश्रा, सीए अरविंद सिंह, सीए रीतेश अग्रवाल, सीए अतुल माहेश्वरी, सीए मनोज माहेश्वरी, सीए दीपक मंगल एवं सीए विशाल अरोड़ा आदि शामिल हुए।



होली मिलन समारोह में झांकी के साथ पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

**सिटी ब्रीफ**

### सोमनाथ मंदिर में उत्साह के साथ खेली फूलों की होली

**बरेली, अमृत विचार** : प्रभात नगर स्थित सोमनाथ मंदिर प्रांगण में सोमवार को फूलों की होली का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन मंडली की मधुर प्रस्तुति के साथ आयोजन देर शाम तक चला। इस आयोजन में कृष्ण और राधा का स्वरूप बनाकर फूलों की होली खेली गई। इस अवसर पर प्रभात नगर, न्यू प्रभात नगर और आसपास के कॉलोनियों के भक्तगण एवं मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य रूप से अमर सिंह, भुवनेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, रविन्द्र शर्मा, आशुतोष गोयल, यूसी रस्तोगी, दीपक भसीन, योगेश गिरी गोस्वामी, अमित अरोड़ा, आशीष अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, तृप्ति शुक्ला, संजीव अग्रवाल, संजीव मेहंदीरत्ता, मनोज अग्रवाल, निखिल गर्ग और सुधीर का सहयोग रहा।

### बच्चों के साथ धूमधाम से मनाई होली, दिये उपहार

**बरेली, अमृत विचार** : अरुणा फाउंडेशन ने बच्चों को गिफ्ट देकर होली उत्सव मनाया। अध्यक्ष अतुल कपूर ने पदाधिकारियों के साथ मिलकर बच्चों के साथ होली खेली। जरूरतमंद बच्चों और उनके परिवारजनों को रंग, गुलाल, गुजिया समेत अन्य मिष्ठान वितरित किए। इस दौरान पार्षद सोनिया, रीना कपूर गर्ग, डिंपल, डॉ. अजय कक्कड़, हरीश सेठी, धरमपाल अरोड़ा, धीरज सेठी, स्तुति कपूर आदि उपस्थित रहे।

### पर्वतीय समिति ने होली मिलन समारोह आयोजित किया

**बरेली, अमृत विचार** : पर्वतीय समिति सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान बरेली की ओर से सोमवार को विश्वनाथपुरम कॉलोनी स्थित बीडी मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। सभी ने आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। समिति अध्यक्ष जोहर सिंह, महासचिव पूरन जोशी, कोषाध्यक्ष केएस राणा, संरक्षक महेश पंत, अनिल उपाध्याय, मोहन नेगी, विक्रम बिष्ट, मनोज जोशी, धीरज जोशी, सुशील जोशी, योगेश सिंह, नवीन नेगी आदि मौजूद रहे।



कालीबाड़ी में राम बरात में हुरियारों का फूलों और गुलाल से किया भव्य स्वागत। ● अमृत विचार



राम बरात में ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुरियारे। ● अमृत विचार

# भक्ति और उल्लास से शहर राममय, जमकर रंगों की बारिश

## नृसिंह मंदिर से निकली 166 वीं राम बरात, जगह-जगह भव्य स्वागत, निगम के टैंकर और फायरब्रिगेड की गाड़ियों से बरसाया गया रंग

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : शहर में सोमवार को भक्ति और उल्लास का संगम दिखा, जिसने पूरे शहर को राममय कर दिया। ब्रह्मपुरी स्थित नृसिंह मंदिर से 166 वीं ऐतिहासिक राम बरात धूमधाम के साथ निकली तो सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 10 बजे पूजा-अर्चना के बाद जैसे ही सुसज्जित रथ आगे बढ़ा, वैसे ही जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। दूल्हा स्वरूप में सजी श्रीराम की झांकी रथ पर विराजमान थी, इसी रथ पर लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र की झांकी थी। रथ की भव्य सजावट और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल कलाकारों ने श्रद्धालुओं को त्रेतायुग की झलक का एहसास कराया।

शहर में रामबरात का उत्साह देखते ही बन रहा था। हुरियारों ने गुलाल और अबीर उड़ाकर माहौल को होली के रंगों से सराबोर कर दिया। ढोल-नगाड़ों और बैंड की धुनों पर झूमते श्रद्धालु जगह-जगह थिरकते नजर आए। विभिन्न सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने जगह जगह फूल बरसाकर श्रीराम बरात का भव्य स्वागत किया। महिलाएं घरों की छतों और बालकनियों से आरती उतारती दिखीं। बच्चे और युवा पारंपरिक परिधानों में झांकियों के साथ चलते रहे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच पुलिस और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली, जिससे यात्रा सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ती रही। नृसिंह मंदिर से निकली यह रामबरात मलूकपुर चौराहा, बिहारीपुर ढाल, कुतुबखाना घंटाघर, नावल्टी चौराहा, बरेली कॉलेज गेट, कालीबाड़ी, श्यामगंज, साहू गोपीनाथ, मठ की चौकी, शिवाजी मार्ग, बड़ा बाजार, किला चौराहा और सिटी सब्जी मंडी से होकर वापस मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही व हर पड़ाव पर जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। रामलीला सभा कमेटी के प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया यह रथ 165 वर्ष पुराना है और साल में एक बार, राम बरात के अवसर पर ही निकाला जाता है। चंद्रग्रहण की वजह से इस बार राम बरात होली से एक दिन पहले निकाली गई, फिर भी उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंचे। पानी की कमी न हो, इसके लिए प्रशासन ने 15 स्थानों पर 17 टैंकर लगाए। राम बरात में पांच सीओ, पांच थाना प्रभारी, सात इंस्पेक्टर, 108 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, 16 महिला कांस्टेबलों के अलावा एक कंपनी पीएसी भी लगाई गई थी।

**कुछ युवकों ने हुड़दंग मचाया** : कालीबाड़ी में बरात के आगे चल रही टोली में कई युवक रंग और पानी का दुरुपयोग करते हुए हुड़दंग मचाने लगे। बाजार में खरीदारी कर रहीं महिलाएं, बच्चे और युवतियों पर रंग फेंका। इसके अलावा कई गुब्बारों की चपेट में आ गए। बाइक पर जा रहे एक परिवार पर तेज गति से फेंका गया गुब्बारा महिला को लगा। इससे बाइक अनियंत्रित हो गई। नशे में धुत कुछ युवक एक-दूसरे के कपड़े फाड़ते भी नजर आए।



कालीबाड़ी में राम बरात में शामिल हुरियारों ने लोगों पर जमकर रंग बरसाया। ● अमृत विचार



श्रीराम की झांकी रही आकर्षण का केंद्र। ● अमृत विचार

### कुतुबखाना चौराहे पर खूब बरसा रंग

राम बरात के कुतुबखाना चौराहे चौराहा पर पहुंचते ही उत्साह चरम पर दिखा। यहां पीछे से आ रहीं भारत माता और भगवान शंकर की आकर्षक झांकियां भी शामिल हो गईं, जिससे यात्रा अपने पूर्ण स्वरूप में नजर आई। राम बरात के आगे युवाओं की टोली ढोल की थाप पर नाचती-गाती चलती रही। तमाम स्थानों पर श्रद्धालुओं ने बरात का स्वागत किया। कुतुबखाना पर हुरियारों ने मोर्चा संभालते हुए जमकर गुलाल उड़ाया और लोगों को रंगों से सराबोर कर दिया। नावल्टी चौराहे पर फायर ब्रिगेड और नगर निगम के टैंकर से रंगों की बौछार हुई। कालीबाड़ी पर युवा लोधी सभा ने भव्य स्वागत किया।

### कालीबाड़ी में खोला रंगों का मोर्चा

राम बरात जब बरेली कॉलेज गेट पर पहुंची, तो आसपास के लोग छतों और बालकनियों से रंग और पानी की बौछार कर बरात का स्वागत करने लगे। पूरे इलाके में गुलाल उड़ता रहा और जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंज उठा। कालीबाड़ी में हुरियारों और श्रद्धालुओं ने रंगों की जोरदार मोर्चेबंदी की। इस बीच, नाथ नगरी जलाभिषेक समिति ने कोतवाली के सामने फूल बरसाकर बरात का स्वागत किया।

### एहतियात के तौर पर बंद की गई बिजली आपूर्ति

रामबरात के दौरान सोमवार को शहर के कई इलाकों में लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। एहतियात के तौर पर बरात के साथ बिजली निगम के कर्मचारियों की टीम भी रहीं। सबसे लंबा रूट किला फोडर से होकर निकलता है। इस फीडर पर सबसे ज्यादा कटौती की गई। अधिशासी अभियंता नितिन ने बताया कि एहतियात के तौर पर जिन-जिन इलाकों से रामबरात गुजरी, वहां आपूर्ति को बंद कर दिया गया। बाद में आपूर्ति चालू कर दी गई।

# मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच सोमवार रात शहर से लेकर देहात तक होलिका दहन कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। शुभ मुहूर्त शाम 5:19 बजे अग्नि प्रज्वलित की गई और इसके साथ ही वातावरण भक्तिमय हो उठा।

होलिका दहन का सिलसिला देर रात से तड़के सवा चार बजे तक चलता रहा। जिले में होलिकाओं के सामने श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन किया। लोगों ने गन्ना, उपले, गुझिया और गुलाल अर्पित कर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

देर रात शहर के कई मोहल्लों में लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते नजर आए। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। युवाओं ने फाग गीतों पर नृत्य किया। वहीं, बाजारों में रंग-गुलाल की खरीदारी होती रही। होलिका दहन के बाद लोगों ने घरों में प्रसाद वितरित किया।



गांधी उद्यान के सामने जलती होलिका। ● अमृत विचार

### होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया

**बरेली, अमृत विचार** : होली को लेकर बिजली विभाग की तरफ से भी तैयारियां की जा रही हैं। सोमवार रात मुख्य अभियंता ने कई क्षेत्रों में जाकर होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने विद्युत सब स्टेशन लाल फाटक के निरीक्षण के दौरान बेहतर आपूर्ति देने के निर्देश दिए। उन्होंने झील गोटिया गांव में भी होलिका दहन स्थल का जायजा लिया। मुख्य अभियंता ने बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करके यह देख लें कि कहीं तार के नीचे तो होलिका दहन नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में तारों को हटवा दें।

# आनंद आश्रम में भक्तों ने खेली फूलों की होली

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : आनंद आश्रम होली आयोजन समिति के तत्वावधान में सोमवार शाम आनंद आश्रम में होली कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भजन संध्या के साथ फूलों की होली खेली गयी। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, उमानाथ अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल, आशु अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सुशांत अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, ममता अग्रवाल, बीना अग्रवाल, रीता अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, प्रेम शंकर अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



देव स्वरूप झांकी की आरती उतारते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल। ● अमृत विचार

# होली के ब्रज-अवध के गीतों पर झूमे श्रद्धालु, दिखा उत्साह

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : प्राचीन काठाहरा नाथ मंदिर रोहली टोला में होली के ब्रज-अवध गीतों की सुरमयी संध्या का आयोजन हुआ। हितु मिश्रा ने ब्रज व अवधी के पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ब्रज के प्रसिद्ध होली गीत खेलन आए श्याम, आ जाए रंग में बोरोरी, तोसे होरी खेलन आऊंगी सुन बरसाने वाली ने भक्तों में उल्लास भर दिया। रसिया को नार बनाबो री जैसे पारंपरिक फाग पर श्रद्धालु झूम उठे।

अवध के सुप्रसिद्ध रचनाकार शिव पूजन शुक्ल की रचना रंग डारो न डालो न डालो पिया ने समां बांध दिया। महादेव की मसाने की होली, होली खेले महादेव कैलाशपति, होली खेलें अवध में हनुमाना जैसे भजनों ने भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी ने फूलों की होली खेली, एक-दूसरे को गुलाल लगाया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंदिर समिति की आयोजिका राधा शर्मा, धनदेवी व शालिनी शर्मा ने शास्त्रीय गायिका डॉ. हितु मिश्रा व सह-कलाकार अनुश्रुति और अनुकृति का चुनरी उढ़ाकर स्वागत किया। संचालन शालिनी शर्मा ने किया। मंदिर अध्यक्ष सुभाष शर्मा, सोम नारायण शर्मा, सौरभ शर्मा आदि उपस्थित रहे।



ब्रज व अवधी के पारंपरिक होली के गीत प्रस्तुत करती गायिका। ● अमृत विचार

- **काठाहरा नाथ मंदिर में होली उत्सव की रही धूम**
- **हितु मिश्रा ने पारंपरिक होली गीतों की दी प्रस्तुति**

### मेरे बांके बिहारी लाल...पर झूम उठे विद्यार्थी



बरेली, अमृत विचार : माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, शिव गार्डन ब्रांच में 'होली के रंग-हरि बोल बैंड के संग' कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। हरि बोल बैंड के गायक विक्रांत और गीता मारवाह ने मेरे बांके बिहारी लाल, तू इतना न करियो श्रृंगार..., "छलिया छलिया मेरे बांके बिहारी छलिया" जैसे भजनों से समा बांध दिया। बच्चों ने फूलों की होली खेली। प्रबंधक डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल, शिक्षक समेत बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

**सिटी डायरी**

### रामायण मंदिर में फाग महोत्सव मनाया, गीतों से बांधा समा



**बरेली, अमृत विचार** : माधोबाड़ी स्थित रामायण मंदिर में निष्काम संकीर्तन मण्डल ने फाग महोत्सव का आयोजन किया। मंदिर के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा ने बताया कि फाग महोत्सव की शुरूआत दिल्ली से आए नवीन मोहन पांडेय ने गणेश वंदना से की। वृंदावन से आए फूलों के साथ होली खेली गयी। गाजियाबाद से आए विकास नारायण खन्ना ने रसिक ने ऐसा रंग डाला...गीत से समा बांध दिया। विपिन अग्रवाल के होली भजन पर भक्त जमकर झूमे। संदीप मेहरा ने राधे नाम संकीर्तन करते हुए फाग महोत्सव का समापन किया। सचिव नवीन अरोड़ा ने बताया कि सात दिन से चल रहे फाग महोत्सव का भव्य समापन हुआ। दिनेश अरोड़ा, वीरेंद्र मिश्रा, अनुराग मेहरोत्रा, नीना मेहरा, संदीप मेहरा, गीता मेहरोत्रा, रश्मि अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### हरि मंदिर में भक्तों ने ठाकुर जी के साथ खेली फूलों की होली



**बरेली, अमृत विचार** : मॉडल टॉउन स्थित श्री हरि मंदिर में सोमवार शाम भक्तों ने ठाकुर जी के साथ फूलों की होली खेली। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि फाग महोत्सव की शुरुआत हो गई है। सायंकाल में श्री हरि संकीर्तन मंडल ने श्री युगल जोड़ी सरकार के श्री चरणों में गणेश वंदना और भजनों के माध्यम से अपनी हाजिरी लगाई। रवि छाबड़ा ने मैं तो खेलूंगी होली आज राधा तेरे अगन में, संजय आनन्द ने ओ सावरे रंग ऐसा न और जतिन दुआ ने ए खेले होली फाग कृष्ण कन्हाई भजनों के माध्यम से वातावरण भक्ति मय कर दिया। राधा कृष्ण के स्वरूप में सजे बच्चों ने सभी भक्तजनों का मन मोह लिया। सुशील अरोड़ा, रवि छाबड़ा, अश्वनी ओबेरॉय, संजय आनन्द, गोविन्द तनेजा, रंजन कुमार, अनिल चड्ढा, अतुल कपूर, राजेश अरोरा एवं युवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

### होली खेले रघुवीरा, अवध में होली खेले रघुवीरा...



**बरेली, अमृत विचार** : श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट बरेली ने श्री जगन्नाथ मंदिर बाग बृगटान में फाग महोत्सव मनाया। अनुज अग्रवाल ने जगन्नाथ चकानयन निलंचल वारे, तू न संभले तो हमें कौन संभाले..., पधारो राधा संग सरकार खुले हैं मन मंदिर के द्वार...गीत सुनाए। विवेक अग्रवाल ने आज बिरज में होरी रे रसिया..., राजू गुलाटी ने होली खेल रहे बांके बिहारी, आज रंग बरस रहा...गीत सुनाए। शिव चावला ने होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा, मोहे होली में कर दियो लाल रे, ऐसो चटक रंग डारो अवध में आदि भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली। संस्था अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गर्गिया, पंकज रोहतगी, अतुल अग्रवाल, पवन जैसवाल, रिंकू जायसवाल, अनिल मौर्य, अशोक मौर्य, राजकुमार गर्ग आदि मौजूद रहे।